माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांकः 12.10 / 34 / प्रवेश / एम0एस0यू0 / 2023–24 दिनांक : 29/09/2023

प्रेस विज्ञप्ति

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्व महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित एम0एड0 पाठ्यक्रमों में पंजीकृत छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि उनके प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा दिनांकः 01. 10.2023 दिन रविवार को आयोजित की जायेगी।

एम0एड0 प्रवेश परीक्षा महाराज सिंह कॉलेज, सहारनपुर परीक्षा केन्द्र पर प्रातः 10:00 बजे से 01:00 बजे तक सम्पन्न होगी। सभी अभ्यर्थी विश्वविद्यालय प्रवेश पोर्टल से डाउनलोड किया गया प्रवेश पत्र एवं काला/नीला बॉल पैन साथ लेकर परीक्षा प्रारम्भ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थी परीक्षा के समय पारदर्शी (Transparent) किट का ही प्रयोग कर सकते हैं। परीक्षा कक्ष में अन्य बैग, पर्स इत्यादि की अनुमति नही होगी। परीक्षा प्रारम्भ होने के 30 मिनट पश्चात यदि अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर पहुँचता है तो उसे परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नही दी जायेगी। परीक्षा पूर्ण होने पर अभ्यर्थी अपनी उत्तर–पुस्तिका कक्ष निरीक्षक को सौंपे बिना कक्ष के बाहर नहीं जा सकेगा।

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ।
2. सचिव वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
3. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. विश्वविद्यालय अधिकृत एजेन्सी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशन के अनुरोध सहित प्रेषित।

(कमल कृष्ण)
उप कुलसचिव